**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

**पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में भेटोफोरिया 2023 विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन**

विश्वविद्यालय के वैटेनरी सोसाईटी, पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय द्वारा भेटोफोरिया 2023 कार्यक्रम के तहत चित्रकला, कोलाज व गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डा. एस.पी. सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चित्रकला में पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के नंदनी ने पहला व पल्लवी व फुलर ने तीसरा स्थान पाया, जबकि कृषि महाविद्यालय के महिमा गैरा बिष्ट ने दूसरा स्थान पाया। कोलाज प्रतियोगिता में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की नंदनी वर्मा पहले, मेघा प्रोहित दूसरे और अन्नया तीसरे स्थान पर रहे। गायकी प्रतियोगिता में एकल वर्ग पशुचिकित्सा महाविद्यालय में अभिनाष परासर पाण्डेय ने पहला, प्रौद्योगिक महाविद्यालय के हर्ष जोशी ने दूसरा व कृषि महाविद्यालय के अभिनव आर्या ने तीसरा स्थान पाया। युगल वर्ग में कृषि महाविद्यालय के विवेक थपलीयाल एवं सरीका रावत की जोड़ी तथा अनिरूद्ध जोशी एवं चित्रांश देवलीयाल की जोड़ी ने क्रमशः विजेता व उप विजेता रहे। समूह वर्ग में प्रौद्योगिक महाविद्यालय के अभिनाष पंत एवं पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के अनुराग आर्या क्रमशः विजेता व उप विजेता रहे। सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को अधिष्ठाता डा. एस.पी. सिंह पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

भेटोफोरिया 2023 के आगामी कार्यक्रम में डाँस एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता डा. रतन सिंह सभागार में होगी, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालय के छात्र–छात्रायें प्रतिभाग करेंगे। विभिन्न प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विश्वविद्यालय के डा. सतीश कुमार, डा. दिशा पंत, डा. नीरज बिष्ट, डा. मनीषा रानी, डा. सीमरन कौर थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम डा. राजीव रंजन कुमार स्टाफ काउन्सलर, वैटेनरी सोसाइटी पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सादगी राणा, रॉविन, जयश्री, इशिता, दीपक, प्रेरणा आदि ने योगदान दिया।






*विजेताओं को पुरस्कृत करते अधिष्ठाता डा. एस. पी. सिंह।*